दिनांकः 23.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सरहदी जिलों में पानी और बिजली आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।
- राज्य में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण रखने और इनकी जवाबदेही तय करने के लिए लाये गये बिल पर कल विधानसभा में चर्चा होगी।
- विश्व मौसम विज्ञान दिवस आज–मौसम पूर्वानुमान और जलवायु निगरानी सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए ये दिन मनाया जाता है।
- खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने **फिट इण्डिया संडेज ऑन साईकिल** अभियान की शुरूआत की।

0000

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सरहदी जिलों में पीने के पानी और बिजली आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। श्री शेखावत ने आज पोकरण की सांकड़ा पंचायत समिति में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। केन्द्रीय मंत्री ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को कंटीजेन्सी प्लान के तहत 15 अप्रेल तक नलकूप और हैण्डपम्प लगाने संबंधी कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की और मिशन से छूटे गांव और ढांणियों के प्रस्ताव जल्द देने की बात कही। श्री शेखावत ने इससे पहले कल पोकरण में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शिरकत की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एआई शोधकर्ता लेक्स फ्रिडमैन के साथ हाल की बातचीत पॉडकास्ट के रूप में अब कई भाषाओं में उपलब्ध है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इसका उद्देश्य बातचीत को ज्यादा से ज्यादा श्रोताओं तक पहुंचाना है।

000

आज शहीद दिवस है। कृतज्ञ राष्ट्र देश के तीन महान स्वतंत्रता सेनानी – शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन वर्ष 1931 में लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। इन तीनों क्रांतिकारियों को 17 दिसंबर, 1928 को एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सैंडर्स को गोली मारने के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इन क्रांतिकारियों के बलिदान को याद किया।

...............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने तीनों अमर शहीदों को नमन् करते हुए सभी युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। शहीद दिवस के मौके पर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम हुए और शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।

000

राज्य में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण रखने और इनकी जबावदेही तय करने के लिए लाये गये बिल पर कल विधानसभा में चर्चा होगी। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा राजस्थान कोचिंग सेन्टर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 को विचारार्थ रखेगें। इसके अलावा सदन में राजस्थान में विधियां संशोधन विधेयक 2025 और राजस्थान विधियां निरसन विधेयक 2025 भी विचारार्थ रखा जायेगा। वहीं शून्यकाल में तीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जायेंगे। विधानसभा सचिव भारत भूषण शर्मा की ओर से जारी कार्यसूची के अनुसार सदन में कुछ अधिसूचनाएं भी रखी जा सकती हैं और क्षेत्र विशेष की याचिकाओं का उपस्थापन भी होगा। 16वीं विधानसभा के तीसरे सत्र का कल समापन हो सकता है। ये सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था।

000

....................

000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जैसलमेर जिले में कर्रा रोग के प्रसार को देखते हुए अधिकारियों की बैठक ली। पिछले दिनों इस रोग से जिलें में 36 और फलौदी क्षेत्र में 2 पशुओं की मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए पशुपालन मंत्री ने ये बैठक की। उन्होंने रोग के प्रसार को रोकने के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। श्री कुमावत ने जैसलमेर, बाडमेर, बालोतरा और फलौदी जिलों के कलेक्टरों से बात कर दवाइयां और अन्य इंतजाम करने पर जोर दिया।

000

आज विश्व मौसम विज्ञान दिवस है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर साल ये दिन 23 मार्च को मनाया जाता है। लोगों को मौसम विज्ञान और सेवाओं के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है। इन सेवाओं में मौसम पूर्वानुमान यानि तापघात, सूखे, बाढ़ और कोहरे की स्थिति पर भविष्यवाणी करने और जलवायु निगरानी शामिल हैं। **क्लोजिंग द अर्ली वार्निंग गेप टूगेदर** थीम पर इस वर्ष मौसम विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस मौके पर कल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

................

000

राज्य में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी है। उत्तरी हवा के असर से कई स्थानों पर रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं 25 मार्च से तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में मौसम शुष्क रहा और ज्यादातर स्थानों पर तेज धूप का असर रहा। बाडमेर में अधिकतम तापमान 39 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जैसलमेर में 38 दशमलव 5 और जोधपुर में 37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं कोटा, चित्तौडगढ़, डूंगरपुर और सिरोही में भी पारा 36 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। जयपुर, सीकर और दौसा में सुबह–शाम हल्की ठंडक बनी रही। गर्मी की आवक के साथ ही प्रदेशभर में परिन्डे बांधने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज पाली जिले के बिसलपुर में परिन्डे लगाये गये।

000

विश्व क्षय रोग दिवस कल है। हर साल 24 मार्च को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम **हां, हम टी.बी. को खत्म कर सकते हैं– प्रतिबद्ध हो, निवेश करे परिणाम दें** है।

................

000

टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश में **एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन** शुरू किया है। इसमें झुन्झुनू को पायलट प्रोजेक्ट के तहत चुना गया है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में जिले के 83 हजार व्यस्कों को चिन्हित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. छोटे लाल गुर्जर ने बताया कि ये टीकाकरण अभियान जिले में 18 मार्च से शुरू हुआ है।

................

000

नागौर जिले के मुंदियाड़ गांव में आज करंट लगने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हादसा हाइटेंशन लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से हुआ जिससे मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही झुलस कर मौत हो गई।

000

युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने रोजमर्रा के जीवन में नियमित व्यायाम और साइकिल चलाने पर जोर दिया है। उन्होंने आज लखनऊ से **फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल अभियान** की शुरूआत की। श्री मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से शरीर फिट रहता है और पर्यावरण का संरक्षण भी होता है।

................

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज राजस्व अधिकारी आर ओ ग्रेड–2 और अधिशाषी अधिकारी ग्रेड–4 भर्ती परीक्षा 2022 ली गई। परीक्षा 26 जिला मुख्यालयों के एक हजार 318 केन्द्रों पर हुई। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि एक पारी में हुई इस परीक्षा के लिए करीब 4 लाख 37 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। आयोग ने 111 पदों के लिए ये परीक्षा 2023 में ली थी, इसके बाद नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट दर्ज होने पर इसे निरस्त कर दुबारा करवाया गया है।

000

राज्य में पीएमश्री योजना के तहत कल तक ऑन लाइन आवेदन किये जा सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय की ओर से स्कूल का चयन किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल ने बताया कि आवेदन के बाद राज्य स्तर पर सत्यापन 28 मार्च तक होगा। इसके बाद एक अप्रैल तक अंतिम चयन शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के 5 हजार 221 बैंच मार्क स्कूल पीएमश्री योजना के तहत सातवें चरण में आवेदन के पात्र हैं। गौरतलब है कि ये केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में है। इसका पूरा नाम प्राइम मिनीस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इण्डिया है। 2022 में शुरू की गई, इस योजना में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और कौशल सिखाने के साथ उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है।

000